# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–19 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 118वीं कड़ी के तहत देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत प्रखर वैज्ञानिकों और नवोन्मेषी वैज्ञानिकों की बदौलत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है, जिससे भावी चुनौतियों के समाधान उपलब्ध होंगे। प्रदेश में प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले के संबंध में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समता–समरसता का एक असाधारण संगम है।

**संगम की रेतीपर पूरे भारत के लिए पूरे विश्व के लोग जुटते हैं हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव नहीं जाती वाद नहीं इसमें भारत से दक्षिण से लोग आते हैं भारत के पूर्व और पश्चिम से लोग आते हैं कुंभ में गरीब अमीर सब एक हो जाते हैं सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं 1 साथ भंडारों में भोजन करते है प्रसाद लेते है तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है**

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ का आयोजन होता है, उसी प्रकार गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा और कावेरी नदियों के तट पर पुष्करम का आयोजन होता है।

**********

महाकुंभ नगर प्रयागराज में भी आज श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों समेत लोगों ने आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जन संबोधन प्रणाली के माध्यम से सुना। श्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम– मन की बात के दौरान महाकुंभ 2025 के विभिन्न पहलुओं पर बात की। उन्होंने कहा कि यह समानता और सद्भाव का एक असाधारण संगम है। इस दौरान आम जन ने भी अपने अनुभव को आकाशवाणी के साथ साझा किया। कुंभनगर से एक रिपोर्ट–

**आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए कुछ श्रद्धालुओं ने मन की बात सुनने के बाद अपने विचार साझा किए।**

**मैं यहां स्नान करने आई थी और इसलिए मैंने प्रधानमंत्री की मन की बात सुना, जिसमें उन्होंने बहुत सारी अच्छी–अच्छी बातें बताई, जिसमें उन्होंने ये बताया कि महाकुंभ जो है एकता का प्रतीक है।**

**प्रधानमंत्री जी के मन की बात सुनने को मिला, काफी अच्छा लगा और वास्तविक जो है महाकुंभ एकता का संदेश देता है।**

**महाकुंभ नगर में श्रद्धालु और तीर्थ यात्री पब्लिक एड्रेस सिस्टम से आकाशवाणी के कुंभवाणी समाचार बुलेटिन भी सुन रहे है। यह चैनल 26 फरवरी तक समाचार और अन्य कार्यक्रम प्रसारित करता रहेगा । आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, कुंभ नगर।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज जनपद प्रयागराज के दौरे पर हैं। इस दौरान श्री योगी ने महाकुंभ की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की एवं श्रद्धालुओं, कल्पवासियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पौष पूर्णिमा एवं मकर संक्रांति के बड़े स्नान अच्छे से संपन्न हो गए हैं। आगामी मौनी अमावस्था, बसंत पंचमी को भी दो बड़े स्नान है, इनके सकुशल आयोजन के लिए आज समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। महाकुंभ में स्नान के लिए राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। महानुभावों के आगमन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

**********

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम में स्नान कर पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री कल देर रात महाकुम्भ मेला क्षेत्र में सेक्टर 7 स्थित राजस्थान पवेलियन पहुंचे। सुबह बोट से त्रिवेणी संगम का अवलोकन किया। आज पावन डुबकी लगाने के बाद मां गंगा की पूजा अर्चना की।

**********

प्रदेश सरकार द्वारा जीएसटी ब्याज और अर्थदंड माफ करने संबंधी योजना संचालित की जा रही है। यह जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव राज्य कर एम देवराज ने आज बताया कि प्रदेश में कार्यरत व्यापारियों के लिए यह योजना 31 मार्च 2025 तक लागू है। उन्होंने सभी करदाताओं से भारत सरकार की इस योजना का लाभ तत्काल लेने का आग्रह किया।

**********

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आज कोहरे और सर्द हवाओं की वजह से लोगों का जीवन प्रभावित हुआ। अयोध्या में भीषण ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ने कक्षा पांच तक के सभी विद्यालयों को 25 जनवरी तक बंद करने और छठवीं से बारहवीं की कक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक चलाने के निर्देश दिए हैं। लखनऊ मौसम केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि 22 और 23 जनवरी को राज्य के कुछ क्षेत्रों में बारिश के आसार है। वहीं उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे की कुछ गाड़ियां निरस्त कर दी गई हैं तो कुछ कोहरे के कारण लेट चल रही हैं।

**********